# तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष, पार्षदगणों, मोर्चा के जिलाध्यक्ष, महामंत्री, प्रकोष्ठों के जिला संयोजक तथा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक को भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी संतोष पारिक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने संबोधित किया।



भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी संतोष पारिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम हमले में शामिल रहे आतंकवादियों को उनकी कल्पना से बड़ी सजा देने और उनके ठिकानों को तबाह करने का जनता से किया वादा पूरा किया है।

ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों, 11 एयरपोर्ट, 100 से ज्यादा आतंकियों, 50 सैनिकों और अपना सम्मान खो दिया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में और भारतीय सैनिकों को धन्यवाद देने के लिए जिले भर में विभिन्न समाज वर्ग के लिए तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना और भारतीय सैनिकों को धन्यवाद देंगे। जिला प्रभारी संतोष पारिक ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह बता दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत भविष्य में किसी भी आतंकी हमले के जवाब में पुलवामा, उरी और पहलगाम हमले की तर्ज पर सीमा पार के आतंकी संगठनों और उसके आकाओं के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करेगा।

भारत की लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ शेषराव यादव

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जिले के नागरिक 16 मई को स्थानीय दशहरा मैदान से अमित ठेंगे चौक मानसरोवर काम्प्लेक्स तक आयोजित ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में सभी भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे।

यात्रा में शामिल होकर भाजपा कार्यकर्ता आम जनमानस को यह बताएंगे कि ऑपरेशन सिंदूर का मकसद सीमा पार आतंकवाद को सीधा और कड़ा जवाब देना है। उन्होंने कहा कि भारत की लड़ाई हमेशा से आतंकवाद के खिलाफ रही है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के तहत भारत की सेना को बड़ी सफलता मिली।

पाकिस्तान के उकसाने वाली कार्रवाई का भी मुंहतोड़ जवाब दिया गया। लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ थी, मगर धारणा यह बन गई कि भारत-पाकिस्तान के साथ युद्ध लड़ रहा है।

बैठक में इस अवसर पर तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक धर्मेन्द्र मिगलानी, सहसंयोजक अजय सक्सेना, गुरजीत सिंह, शंटी बेदी, महापौर विक्रम अहाके, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती ज्योति डेहरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे सहित



# पांढुर्णा भाजपा कार्यालय के लिए भूमि का निरीक्षण किया अधिकारियों के साथ

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने कल पांढुर्णा शहर मुख्यालय में पारडी रोड पर प्रस्तावित नए भाजपा जिला कार्यालय के लिए भूमि का निरीक्षण किया। तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर की उपस्थिति में हुए इस निरीक्षण के दौरान डॉ. शर्मा ने भूमि का अवलोकन किया और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़, मध्य प्रदेश भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, मंडल अध्यक्ष प्रकाश छागानी, देवीदास राऊत, उमेश कड़वे, सतीश बम्बल, उत्तम झा, कमलेश राठौर और अन्य सम्मानित जिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान डॉ. शर्मा ने नए कार्यालय के निर्माण की योजना और संभावित संरचना पर चर्चा की। उन्होंने स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से भी बातचीत की और उनकी राय जानी।

भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा कि नया कार्यालय पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र होगा। उन्होंने डॉ. शर्मा और अन्य उपस्थित नेताओं को उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

## सार समाचार

### एक माह बाद मिले मुख्यमंत्री कन्या विवाह के चेक

**परासिया, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के 49 हजार रूपए के चेक हितग्राहियों को एक माह बाद दिए गए। जनपद पंचायत परासिया में उपाध्यक्ष जमील खान, सभापति कृपाल शाह एवं जनपद सदस्य पार्वती यदुवंशी ने चेक वितरित किये। वही नगर परिषद चांदामेटा में अध्यक्ष गोविंद बिजोलिया ने हितग्राहियों को चेक वितरित किये। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अमजद खान एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी भरत गजबे तथा योजना प्रभारी अनीता डेहरिया उपस्थित थीं।

### दो सचिव निलंबित

**परासिया, देशबन्धु।** कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर जनपद पंचायत परासिया की सेमरताल ग्राम पंचायत के सचिव पुरुषोत्तम सिंह राजपूत एवं सतनूर ग्राम पंचायत के सचिव सुगन लाल अहाके को बुधवार को जिला पंचायत के सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार ने निलंबित कर दिया। निलंबित अवधि में दोनों सचिव का कार्यभार जनपद पंचायत परासिया रहेगा और उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी।

### एचएमएस के कार्यकारी अध्यक्ष बने दीनानाथ

**परासिया, देशबन्धु।** इंटक छोड़कर कोयला श्रमिक सभा (एच.एम.एस.) में शामिल हुए दीनानाथ यादव को पेंच क्षेत्र का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। वे पूर्व में इंटक के कार्यालय सचिव थे।

### दिन दहाड़े ज्वेलरी शॉप में सोने की चैन हुई चोरी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नागपुर रोड स्थित एक ज्वेलरी शॉप में दिनदहाड़े हुई चैन चोरी की वारदात ने पुलिस और व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। नागपुर रोड स्थित कामठी ज्वेलर्स में एक शातिर बदमाश ने नकली चैन रखकर असली सोने की चेन पार कर दी। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

कोतवाली थाना निरीक्षक उमेश गोल्हानी ने बताया कि यह घटना 8 मई की दोपहर की है। एक युवक कैप पहनकर ज्वेलरी खरीदने के बहाने दुकान में दाखिल हुआ। उसने सोने की चेन और अंगूठियां देखने की बात कही। इसी दौरान जैसे ही कर्मचारी की नजर हटी, युवक ने बड़ी चालाकी से नकली चैन को असली चैन से बदल दिया और मौके से फरार हो गया।

बाद में जब कर्मचारियों ने ज्वेलरी की जांच की तो एक चैन बिना टैग के पाई गई। शक होने पर सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया, जिसमें दो युवक नजर आए। पुलिस का मानना है कि वारदात में दोनों शामिल थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान की जा रही है, हालांकि अब तक दोनों पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

### मप्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष का आज जिला पांढुर्णा भ्रमण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) मोहन नागर आज 15 मई 2025 को प्रात: 9:25 बजे भारत-भारती बैतूल से जिला पांढुर्णा के लिये प्रस्थान कर प्रात: 10:30 बजे पांढुर्णा रेस्ट हाऊस पहुंचेंगे, जहां म.प्र. स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। इसके बाद म.प्र.जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री नागर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संवाद करेंगे। म.प्र.जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री नागर दोपहर 12 बजे स्थानीय जाम नदी, राम मंदिर के घाट पर जल गंगा अभियान के अंतर्गत श्रमदान कर दोपहर 01 बजे पांढुर्णा से मुलताई के लिये प्रस्थान करेंगे।

# पीएचडी में चयन, सांसद ने किया रूपाली को सम्मानित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** चौरई निवासी रुपाली सराठे का पी.टी. शंभूनाथ विश्वविद्यालय शहडोल में पी.एच.डी. के लिए चयन हुआ है। कुमारी रुपाली सराठे का बुधवार को सांसद बंटी विवेक साहू ने सम्मान किया।

विदित हो कि रुपाली का पारिवारिक परिवेश बेहद साधारण रहा है उनके पिता एक छोटे व्यापारी है और उनकी माँ आंगनवाड़ी केंद्र में सहायिका के पद पर कार्यरत है। सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद रुपाली ने हार नहीं मानी और अपने लक्ष्य की और लगी रही। जिसका परिणाम रहा कि रूपाली का चयन संस्कृत भाषा में पी.एच.डी. करने के लिए चयन किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से महापौर विक्रम आहके, सभापति जगेन्द्र अल्डक, रुपाली के पिता प्रकाश सराठे, भारतीय सेन समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंदेवार, प्रदेश प्रभारी अंकित बंदेवार, जिला युवा अध्यक्ष हेमंत बंदेवार, सेलुन ऐसोसिएशन अध्यक्ष बंटी श्रीवास, रवि राजनकर ठाकुर, चौरई सेन समाज संगठन अध्यक्ष सोहन श्रीवास (बब्लू), संगठन मंत्री प्रतीक सराठे सहित सामाजिक बंधु विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने रूपाली को शुभकामनाऐं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# ग्राम गुरैया में जल संरक्षण को लेकर कार्यक्रम, लोगों को किया प्रेरित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन-जन का अभियान बनते चला जा रहा है और इसमें मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुधवार 14 मई 2025 को सुबह सुबह सेक्टर नंबर 5 ग्राम गुरैया में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में एवं म.प्र. जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के कुशल मार्गदर्शन में परामर्शदाता विनोद तिवारी, लता नागले, तृप्ति सिंह, जयप्रकाश सूर्यवंशी, आशिष साहू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम/कार्यक्रम के बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों में श्रुति चौबे, पलक सूर्यवंशी, आंशिका रघुवंशी, शिवांगी वानखेड़े, जयश्री घोड़े, नीरज चौरसिया, निहाल कृष्ण सहित अन्य विद्यार्थीयो के द्वारा दिवाल लेखन कर ग्रामिणो को जल संरक्षण का संदेश दिया गया।



जल संरक्षण के प्रभावी नारे लेखन की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए कहा की हम ग्रामवासी व्यर्थ बहते जल की एक-एक बूंद बचाने का पूरा प्रयास करेंगे हमें पता है जल है तो कल है अन्यथा हमारा सभी का जीवन भी संकट में हो जावेगा। जल अभियान परिषद की परामर्शदाता श्रीमती तृप्ति सिंह के साथ बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ने गांव के हैंडपंप के आसपास भी जल संरक्षण एवम स्वच्छता हेतु श्रमदान से सोकपीट का निर्माण कर ग्रामीणों को जल संरक्षण हेतु निवेदन किया।

परामर्शदाता एवम नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर विनोद तिवारी ने ग्रामीणों को कहा की भीषण गर्मी में जल की जब उपयोगिता समझ आती है तो हमें बरसात के समय गांव का पानी गांव में गांव की मिट्टी गांव में की सोच रखते हुए बरसात के पानी को गांव के तालाब कुएं सहित छोटे छोटे जल संचय के उपायों पर भी ध्यान देना चाहिए। श्री तिवारी ने इस अवसर पर सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने समस्त ग्रामिणो को जल व्यार्थ ना बहाने देने के लिए समझाईश दी एवम कहा की जन अभियान परिषद की पूरी टीम द्वारा नगरीय क्षेत्रों एवम ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर के कुशल मार्गदर्शन में नदी नाले जल स्त्रोतों के पुन: जीवन उत्थान एवम श्रमदान से पुन: उपयोग हेतु कार्य किए जा रहे है इसके साथ साथ हमारी जल धरोहर पुरातत्व बावड़ियों के संरक्षण के तैयार की जा रही है। ग्राम गुरैया में बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के समाजसेवियों ने श्रमदान जल संरक्षण हेतु जागरूक अभियान के अंतर्गत नलों में टोटी भी लगाई एवम ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था, बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति के पदाधिकारी एवम सदस्यगण ने सक्रिय रूप से ग्राम में जल संरक्षण कार्य में सहभागिता कर जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाया।


# भटके 6 वर्षीय बालक को परिजनों से मिलाया पुलिस ने

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** थाना छिंदवाड़ा क्षेत्र में गोरेया बस्ती में एक 06 वर्षीय बालक मिला है, जो अपने बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दे पा रहा हैं, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में 13 मई 2025 को रात्रि 07:10 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल छिंदवाड़ा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ सैनिक संतोष निवारे पायलेट शेलु पँवार ने मौके पर पहुँचकर बालक को अपने संरक्षण में लेकर आसपास के क्षेत्र में परिजन की तलाश की। परिजन के मिल जाने पर डायल-112/100 स्टाफ द्वारा बालक को परिजन के सुपुर्द किया गया।

# छोटी माता मंदिर का दल हुआ केदारनाथ रवाना, त्रिशूल करेंगे अर्पित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर के हृदय स्थल में स्थित छोटी माता मंदिर के सदस्यों द्वारा केदारनाथ धाम में त्रिशूल अर्पित करने के संकल्प को पूरा करने के लिए छोटी माता मंदिर समिति का एक दल बुधवार को केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। यह यात्रा दुर्गम क्षेत्रों से होते हुए केदारनाथ धाम तक पहुंचेगी। छोटी माता मंदिर समिति द्वारा बताया गया कि इस दल में संरक्षक कमल राठी, ओंकार बागड़ी, विकास विश्वकर्मा, अंकित शुक्ला, अक्षत राय, वासु गोस्वामी, राजा वर्मा, आयुष शुक्ला सहित 20 धर्मावलंबी शामिल है। इसके साथ ही दल द्वारा शहर की मंगल कामना के लिए बद्रीनाथ धाम में भी पूजा अर्चन किया जायेगा।



# बैंकर्स समिति की बैठक, आज और कल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण के अंतर्गत वर्ष 2024-25 की विकासखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की तिमाही बैठकों का आयोजन अग्रणी जिला प्रबंधक की अध्यक्षता में 14 से 16 मई 2025 तक 5 विकासखंडों जुन्नारदेव, तामिया, अमरवाड़ा, हर्रई और परासिया में आयोजित की गई है। उन्होंने शाखा प्रबंधकों को इन बैठकों में एजेंडा अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार ने बताया कि 14 मई 2025 को दोपहर 12 बजे से जनपद पंचायत जुन्नारदेव और शाम 4 बजे से जनपद पंचायत तामिया, 15 मई को दोपहर 12 बजे से जनपद पंचायत अमरवाड़ा और शाम 4 बजे से जनपद पंचायत हर्रई तथा 16 मई को प्रात: 11:30 बजे से जनपद पंचायत परासिया में विकासखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया है।

# ग्राम भमोड़ी में भागवत कथा आयोजित

**परासिया, देशबन्धु।** परासिया। ग्राम भमोड़ी बस स्टैंड स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में आदि शक्ति महिला मंडल द्वारा सात दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है।

कल बुधवार 14 मई 2025 को कलश यात्रा निकाली गयी। इस संदंर्भ में बताया गया कि भागवत कथा का संगीतमय वाचन पं. मीत शर्मा द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक तथा रात्रि में 8 बजे से 11 बजे तक किया जाएगा। 22 मई को हवन भंडारा प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा।

इस अवसर पर क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से भागवत कथा में पहुंचकर पुण्य लाभ लेने की अपील की



# उप संचालक कृषि ने किया ज्वार खेती का निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 14 मई 2025 को उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह एवं कृषि विभाग की टीम द्वारा विकासखंड सौसर ग्राम जाम के कृषक कपिस पिता रामभाउ जोंजाल के खेत मे लगी ग्रीष्मकालीन ज्वार किस्म हाईटेक- 3206 एवं 3208 का निरीक्षण किया गया।

कृषक द्वारा लगभग 2.5 एकड़ मे ग्रीष्मकालीन ज्वार लगाई गई हैं। फसल स्थिति बहुत अच्छी पाई गई एवं अच्छा उत्पादन प्राप्त होने की संभावना हैं।

पांढुर्णा जिले के किसानों के लिए अर्ली कपास के बाद ग्रीष्मकालीन ज्वार की फसल बेहतर विकल्प के रूप मे किसान अपना रहे हैं। जिले में लगभग एक हजार हेक्टेयर में ज्वार की खेती की जा रही हैं।

**तुअर खरीदी केन्द्र सौसर का किया गया औचक निरीक्षण**

कल 14 मई 2025 को उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा पांढुर्णा जिले अंतर्गत तहसील सौसर के लिए निर्धारित तुअर उपार्जन केन्द्र पिपला-नारायणवार का औचक निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया।

मौके पर उपार्जन हेतु पहुंचे किसानों से चर्चा की एवं संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।




भ्रमण के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सौसर योगेश भलावी, कृषि विस्तार अधिकारी पंकज पराड़कर, कैलाश धुर्वे, वर्षा ठाकुर, निरंजन पवार, प्रखर ढोक, हेमेन्द्र माटे, सागर डेहरिया, दीपक देशभ्रतार, एटीएम आत्मा दीपिका गायकवाड़, समिति प्रबंधक विजय मदनकर, सर्वेयर विशाल नामदेव एवं प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।



# श्री श्री रविशंकर का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आर्ट ऑफलिविंग टीचर श्रीमती श्वेता चड्डा और मनीष शर्मा ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग संस्थापक श्री श्री रविशंकर का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह मॉर्निंग साधना पूजा में बड़ी संख्या में साधकों ने गुरुदेव की आवाज में विश्व प्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया की। योगा सेशन श्रीमती दीप्ति शर्मा द्वारा और सुदर्शन क्रिया सुरेश पवार द्वारा कराई गई। श्रीमती श्वेता चड्डा, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर के नेतृत्व में श्री श्री गुरुदेव के आश्रम ध्यान मंदिर का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के अपेक्स मेंबर मनीष अग्रवाल उपस्थित हुए। श्रीनाथ अग्रवाल ने मुख्य यजमान एवं विशेष अतिथि नगर पालिक निगम महापौर विक्रम आहाके उपस्थित रहे। श्रीमती चड्डा ने बताया कि 15000 स्क्वायर फीट पर बनने जा रहे इस आश्रम में योगा, मेडिटेशन, ध्यान और बड़े-बड़े एडवांस्ड कोर्स आयोजित किए जाएंगे। साथ ही बच्चों के कोर्स भी होंगे। जल्द ही गुरुदेव छिंदवाड़ा आने वाले हैं, जिसके लिए सांसद विवेक बंटी साहू ने गुरुदेव को आमंत्रण पत्र भेजा है और गुरुदेव ने सहर्ष इसे स्वीकार किया है। जन्मोत्सव के अवसर पर जय गुरुदेव का जन्म उत्सव आश्रम के नियमों के अनुसार बहुत ही सुंदर तरीके से मनाया गया। देशभक्ति गीतों और भजनों के साथ यह आयोजन संपन्न हुआ।

## सार-समाचार

### कैबिनेट मंत्री विजय शाह का बयान, देश की सेना एवं बेटियों का अपमान : कांग्रेस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ऑपरेशन सिंदूर में मुख्य भूमिका निभाने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए बयान की कड़ी निंदा करते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता गुंजन शुक्ला ने कहा कि विजय शाह का बयान देश की सेना एवं बेटियों का अपमान है एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को तत्काल अपनी कैबिनेट से विजय शाह को बर्खास्त कर उनके खिलाफ देश द्रोह का प्रकरण दर्ज कराना चाहिए एवं मुखिया होने के कारण अपनी कैबिनेट के मंत्री के बयान पर माफी भी मांगनी चाहिए। क्योंकि आज मध्य प्रदेश के इतिहास में पहली बार एक दुर्लभतम घटना घटी है कि मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय को राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री के बयान पर स्वयं संज्ञान लेते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक को 4 घंटे के भीतर कैबिनेट मंत्री के खिलाफ भारत की एकता एवं अखंडता को खतरे में डालने का अपराध दर्ज करने के लिए चेतावनी के साथ निर्देशित करना पड़ा है पूरा मध्य प्रदेश मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इस कार्रवाई के साथ है और राज्य सरकार से अपेक्षा करता है कि वह तत्काल उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन कर मंत्री विजय शाह के खिलाफ अपराध दर्ज करें।




कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री से स्पष्टीकरण मांगते हुए कहा कि आपको यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आपकी कैबिनेट के मंत्री विजय शाह का बयान एवं राय पूरी मध्य प्रदेश सरकार की कैबिनेट की राय है, श्री शुक्ला ने आगे कहा कि मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह के इस सांप्रदायिक एवं नफरती बयान से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को नीचा देखना पड़ रहा है एवं शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग से लेकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसदों सहित कई आई.ए.एस. एवं आई.पी.एस. अधिकारियों के साथ भारतीय सेना के रिटायर्ड अधिकारियों तक सभी ने सामूहिक रूप से मंत्री विजय शाह के बयान की घोर निंदा की है एवं इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है एवं ऐसा बयान देने वाले व्यक्ति को राज्य के कैबिनेट का हिस्सा होने पर भी दुख जताया है। राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री के बयान के कारण पूरे मध्य प्रदेश को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने याद दिलाते हुए कहा कि कर्नल सोफिया कुरेशी एवं उनका पूरा परिवार तीन पीढियां से देश की रक्षा के लिए भारतीय सेना में अलग-अलग पदों पर रहा है एवं उन्होंने देश की सेवा की है। मंत्री विजय शाह का बयान महिलाओं के प्रति उनकी घृणित सोच को प्रकट करता है एवं देशद्रोह की श्रेणी में आता है। इस संबंध में कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश के अनेक थानों में एफ.आई.आर. भी दर्ज कराई है यदि विजय शाह को नहीं हटाया जाता है एवं उनके खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध नहीं किया जाता है तो कांग्रेस जनआंदोलन के साथ, न्यायालय की शरण भी लेगी।

### नवनी महाजन ने किया नाम रोशन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सी.बी.एस.ई. द्वारा बीते दिनों कक्षा 12 वी एवं कक्षा 10 वी के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये जिसके तहत नगर के कलेक्ट्रेट मार्ग निवासी स्व. डॉक्टर आर.के. महाजन की पोती और डॉक्टर पंकज महाजन और दीपी महाजन की सुपुत्री नवनी महाजन ने 98 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा दसवी की परीक्षा उत्तीर्ण की है।



नवनी पोद्धार इंटरनेशनल स्कूल में सर्वाधिक अंक लाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों और परिजनों को दिया है। नवनी की इस सफलता पर सभी ईष्टमित्रों सहित महाजन परिवार से संपर्क रखने वाले लोगों ने बधाई प्रेषित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# निगमायुक्त ने समग्र ई केवायसी की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुसार कार्य न होने पर रोका वेतन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने बुधवार को निगम सभाकक्ष में राजस्व शाखा की बैठक ली। जिसमें आयुक्त ने वार्डवार प्रतिदिन की गई समग्र ई केवायसी की समीक्षा की। लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न पाए जाने पर निगमायुक्त ने सभी 48 वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षकों को कड़ी फटकार लगाते हुए एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में वार्ड क्रमांक 33 के सहायक राजस्व निरीक्षक राहुल राजपूत द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने पर निगमायुक्त द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निगमायुक्त ने सभी वार्ड एआरआई को निर्देश दिए कि 10 दिवस भीतर शत प्रतिशत ई केवायसी करना सुनिश्चित करें साथ ही शहर में निवास नहीं करने वाले, विवाह एवं मृत्यु हो चुके नागरिकों की सूची बनाकर उनकी आईडी पोर्टल से डीलिट कराएं।

मध्य प्रदेश शासन की अधिकतम योजनाओं एवं शिक्षा से संबधित कार्यों में भी समग्र आईडी की आवश्यकता होती है। समग्र आईडी को सक्रिय रखने एवं योजनाओं का लाभ लगातार लेने के लिए समग्र का आधार से सत्यापन जरूरी होता है। उदाहरण के लिए सामाजिक पेंशन से लेकर आम नागरिकों द्वारा बनाए जाने वाले आय प्रमाण पत्र के लिए भी समग्र ई केवाईसी अनिवार्य होती है। इसी प्रकार स्कूल या कॉलेज में एडमिशन के लिए भी समग्र आईडी की आवश्यकता होती है। इस समग्र आईडी के आधार से लिंक न होने से आम नागरिक योजनाओं से वंचित रह सकते है। इसलिए सभी नागरिकों को समग्र ई केवाईसी कराना अनिवार्य है।



# सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में डीपीएस स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, छिंदवाड़ा ने एक बार फिर अकादमिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। शाला के विद्यार्थियों ने घोषित कक्षा 10 वीं और 12 वीं के परीक्षा परिणामों में अव्वल स्थान अर्जित करते हुये सफलता का परचम लहराया है। शाला की इस उल्लेखनीय सफलता पर चेयरमेन वीरेन्द्र सतीजा, निकिश सतीजा, डायरेक्टर कशीश सतीजा एवं प्राचार्य हबीब खान ने इसे विद्यार्थियों की गौरवमयी उपलब्धी बताते हुये बधाई दी।




शाला की कक्षा 12 वीं की कला संकाय की छात्रा अनुष्का परते ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 96.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह अनुष्का सूर्यवंशी ने 91.6 प्रतिशत और वितुल गैंद ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। गणित एवं विज्ञान संकाय में आसदुल्लाह खान 83.6 प्रतिशत, निष्ठा ठाकुर 83.2 प्रतिशत, वैदेही चंद्रवंशी 80.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय के छात्रों ने अपने मुख्य विषयों जैसे भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान में शानदार प्रदर्शन किया है।

उनके परिणाम केवल शैक्षणिक अनुशासन को ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक अन्वेषण और अनुसंधान की ओर उनके बढ़ते रुचि को भी दर्शाते हैं। विद्यालय उनके कठोर परिश्रम और सह.शैक्षणिक गतिविधियों में संतुलन के लिए सराहना करता है।

इसी तरह वाणिज्य संकाय में अनुबंध जैन 85.6 प्रतिशत, प्रखर मिश्रा 81.2 प्रतिशत, दिव्यांश पिपले 80.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया

**कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट परिणाम**

आज घोषित कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम में दिशा अन्वेशा साहू ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, तक्ष जैन 95.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और यशाश्री जायसवाल 91.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान अर्जित किया। शाला की इस उपलब्धि पर प्राचार्य हबीब खान ने इसके लिये विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को साधुवाद दिया।

बता दें कि डी.पी.एस. स्कूल छिन्दवाड़ा का अपना एक इतिहास रहा है वहां समय समय पर अनेक कल्चरल कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है साथ ही छात्र, छात्राओं का मोटिवेशन डी.पी.एस. स्कूल की प्राथमिकता में है। समय समय पर पालको से भी फीडबेक लिया जाता है।

# महिला कांग्रेस ने फूंका मंत्री विजय शाह का पुतला, इस्तीफे की मांग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महिला कांग्रेस ने भाजपा सरकार के आदिम जाति कल्याण मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया। ई.एल.सी. चौक पर पुतला फूंकने के उपरांत महिला कांग्रेस ने भाजपा सरकार से मांग की है कि विजय शाह से तत्काल इस्तीफा लिया जाए साथ ही उनके विरुद्ध देशद्रोह का अपराध पंजीबद्ध किया जाए, क्योंकि उन्होंने केवल एक बेटी पर नहीं बल्कि देश की सेना में उच्च पद पर पदस्थ महिला अफसर पर अभद्र व अपमानजनक टिप्पणी की है।

बेटियां देश का मान व सम्मान है, समाज की पहचान है, तो घर व परिवार का अभिमान है, किन्तु यह यह बात आज तक भाजपा नहीं समझ पाई, क्योंकि भाजपा के लिए बेटियां केवल वोट बैंक है। इसीलिये चुनाव होते ही भाजपा के मंत्री, संतरी से लेकर कार्यकर्ता व भाजपा नेतापुत्र बेटियों को घिनौनी नजरों से देखते हैं, उनका अपमान करते हैं। इसके एक नहीं अपितु अनेकों उदाहरण है।

सबसे बड़ा बेशर्मी का उदाहरण तो भाजपा के मंत्री ने प्रस्तुत किया है जिसकी जितनी भी आलोचना की जाए कम है, क्योंकि भाजपा के केबिनेट मंत्री ने ना केवल भाषा की मर्यादा तोड़ी है, बल्कि बहन व बेटियों के मान, सम्मान को भी तार-तार कर दिया है। उनका बयान भद्दा ही नहीं शर्मनाक भी है, इसके बाद भी भाजपा सरकार के द्वारा उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं किया जाना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा महिला विरोधी सरकार चला रही है।

**जिस पर देश को नाज, उसका भाजपा कर रही अपमान**

भारतीय सेना के द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद म.प्र. के छतरपुर की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी पर देश को नाज है, किन्तु भाजपा उनका अपमान कर रही। गत दिवस म.प्र. की भाजपा सरकार में आदिम जाति कल्याण मंत्री जैसे जिम्मेदार व संवैधानिक पद पर पदस्थ रहते हुए विजय शाह ने महू में एक कार्यक्रम के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर कहा जिन्होंने हमारी बेटियों के सिंदूर उजाड़े, उन कटे-पिटे लोगों को उनकी ही बहन भेजकर नंगा कराया।

मोदीजी तो नहीं उतर सकते थे, इसीलिये उनके समाज की बहन को भेजा। भाजपा के मंत्री का यह बयान भाजपा के मंत्रियों की महिलाओं के प्रति जो सोच है उसे उजागर कर रहा है। सेना में कर्नल के पद पर पदस्थ बेटी सोफिया कुरैशी को लेकर दिया गया बयान देश द्रोह की श्रेणी का है इस लिहाज से भाजपा के मंत्री विजय शाह से तत्काल इस्तीफा लेकर उनके खिलाफ देशद्रोह का अपराध कायम किया जाना चाहिए।



आयोजित पुतला दहन व धरना प्रदर्शन में किरण चौधरी, सतवंत कौर, मंजू बैस, मनीषा पाल, दीपा यादव, नंदा ठाकरे, रानू डेहरिया, संगीता ठाकुर, साधना जंघेला, ज्योति, यास्मिन कुरैशी, पूनम उइके, सरला सिसोदिया, संतोषी गजभिये, आम्रपाली, फौजिया, रेणू तिवारी, पूर्णिमा वर्मा व नूरजहां, रजिया बानो सहित बड़ी संख्या में जिला महिला कांग्रेस की पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहीं।

# दो गंभीर मरीजों को मिली 95 हजार की आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवके साहू के प्रयासों से 2 गंभीर रूप से बीमार मरीजों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 95 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए दो मरीजों एवं उनके परिजनों ने उनकी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए इलाज करने में असमर्थ होने की जानकारी देते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित करके दो मरीजों की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निवेदन किया था, जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी गंभीरता से लेते हुए दोनों मरीजों को 95 हजार रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध करा दी है।



**सांसद के प्रयास से मिली मदद, परिजनों ने जताया आभार**

जिन मरीजों को आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है उनमें ग्राम सटोटी निवासी अंश पिता सुकेश मालवीय को 50 हजार की राशि दी है, इनका ईलाज छिंदवाड़ा के अस्पताल में होगा वहीं छिंदवाड़ा निवासी उपेन्द्र पिता ब्रजश्याम यदुवंशी को 45 हजार की राशि दी है, इनका ईलाज नागपुर के अस्पताल में होगा। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीजों और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।